हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी, 2025

10 छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई



11 विद्यार्थियों ने शहीद सैनिकों को सलाम किया



## खबर संक्षेप

### सरकार ने समितियों के पुनः पंजीकरण के लिए खोला पोर्टल

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा समितियां पंजीकरण नियम 2012 में संशोधन करते हुए समितियों के पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार द्वारा जारी गजट अधिसूचना के तहत, समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पहले से पंजीकृत समितियों को नया पंजीकरण नंबर प्राप्त करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है।

### कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का स्वागत समारोह कल

**झज्जर।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के सम्मान में रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। वार्ड पार्षद नरेश बेडवाल ने बताया कि छावनी मौहल्ला के रहणिया रोड स्थित महाराजा दक्ष प्रजापति धर्मशाला होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजापति समाज के राजेश दुजाना द्वारा की जाएगी। इसके अलावा फरीदाबाद के ज्वाइंट कमिश्नर राजेश कुमार व हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज भगतजी, महेंद्र सिंह काटीवाल, बलवान सिंह ककराना, रामपत ठेकेदार, देवी सिंह, नरेश खोहाल, मुनेश प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, अमित प्रजापति मौजूद रहेंगे।

### डीआईईसी से बच्चों का हो रहा फ्री ऑपरेशन



**झज्जर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल में चलाए जा रहे डीआईईसी सेंटर में बच्चों को जीवन आसान बनाने की राह दिखाई जा रही है। शुक्रवार को कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी ने खेड़का गुर्जर नरेश कुमार को उसकी एक वर्षीया पुत्री प्रेरणा के दिल में छेद होने पर ऑपरेशन के लिए 90 हजार रुपए का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा संचालित डीआईईसी 0 से 18 साल तक बच्चों के जीवन को नई दिशा देने के लिए दिशा सूचक साबित हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में हर साल करीब कई बच्चों की स्क्रीन कर फ्री में ऑपरेशन कराए जा रहे हैं।

## दूसरे दिन चार वकीलों ने प्रधानी के लिए दाखिल कराया नामांकन पत्र

- दीपक गोयल, यशपाल सैनी, कुलभूषण भारद्वाज व अजय डागर प्रधान पद के लिए मैदान में, उपप्रधान के लिए संजय कहाड़ी, सचिव के लिए दीपक खत्री, ऋषि अहलावत ने पर्चा भरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



**झज्जर।** विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल कराते हुए अधिवक्ता।

आगामी 28 फरवरी को होने वाले झज्जर बार एसोसिएशन के चुनावों को लेकर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन प्रधान पद के लिए दीपक गोयल, यशपाल सैनी, कुलभूषण भारद्वाज व अजय डागर, उपप्रधान पद के लिए संजय कहाड़ी, सचिव पद के लिए दीपक खत्री, ऋषि अहलावत ने अपना नामांकन दाखिल कराया। बता दें कि वीरवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन प्रधान पद के लिए एडवोकेट भावेश यादव, उप प्रधान पद के लिए कर्मबीर सिवाच, सचिव पद के लिए बिजेंद्र सिंह रंगा, सह सचिव पद के लिए राहुल व सुधीर तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रितेश व सुमित ने नामाकंन दाखिल कराया था। चुनावों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए गठित चुनाव अधिकारियों में राम कुंवार शर्मा, कृष्ण सुहाग, सुंदर सिंह खंडेलवाल, सुखवीर कादियान, धन सिंह सहरावत, सतीश जाखड़, राकेश पूनिया, रविंद्र कौशिक, कर्मबीर सहरावत, प्रवेश छिक्कारा व खुशीलाल शामिल हैं।

### अध्यक्ष पद के दो व पार्षद के लिए छह नामांकन

**झज्जर।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि बेरी नगर पालिका चुनाव को लेकर शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए दो और पार्षद पद के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। नपा अध्यक्ष पद के लिए कुलदीप सिंह पुत्र रघबीर सिंह व जिंदल पत्नी देवेंद्र ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। इसी तरह पार्षद पद के लिए वार्ड नंबर 2 से दीपक पुत्र विजय कुमार, वार्ड नंबर 5 से जितेंद्र पुत्र देवेंद्र , वार्ड नंबर 6 से आशीष कादयान पुत्र सतवीर सिंह , वार्ड नंबर 10 से ऊषा पत्नी प्रवीण कुमार, वार्ड नंबर 11 से निशा पत्नी ललित कुमार तथा वार्ड नंबर 13 से हिमांशु पुत्र अजीत सिंह ने नामांकन किया है।

## शिव मंदिर में मिले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

कबीर बस्ती स्थित शिव मंदिर में जली अवस्था में मिले शव की गुत्थी फिलहाल अनुसलझी है। शव मिले दो दिन हो गए हैं। शव की शिनाख्त करने में भी पुलिस को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। निर्धारित 72 घंटे की समयावधि में पहचान नहीं हो पाती है तो पुलिस पोस्टमार्टम कराकर शव का दाह संस्कार कराएगी।

दरअसल, बुधवार की सुबह कबीर बस्ती स्थित शिव मंदिर में एक युवक का शव पाया गया था। शव जली हुई अवस्था में था। प्रारंभिक तौर पर पुलिस को मामला आत्म दाह का लगा है। बुधवार सुबह से लेकर अब तक पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बस्ती के काफी लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा चुकी है लेकिन मृतक युवक कौन है, ये अभी पता नहीं चल सका है। उधर, दूसरी तरफ बस्ती के लोग भी घटना के बाद से सकते में है। लोगों के मन में सवाल है कि किन परिस्थितियों में युवक की मौत हुई। युवक कौन है और यदि उसने खुद आग लगाई तो मंदिर में ही आकर ऐसा क्यों किया। बहरहाल, तमाम सवाल बरकरार हैं और पुलिस को शव के पहचान का इंतजार है। पुलिस शिद्दत से मामले की तफ्तीश में जुटी है। पहचान व जांच पूर्ण होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

## हमला करने के आरोपी रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा गांव खेड़ी आसरा निवासी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रबंधक सदर प्रशिक्षु अधिकारी फैजल खान आईपीएस ने बताया कि आशीष निवासी खेड़ी आसरा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित व सुधीर दोनों निवासी खेड़ी आसरा के तौर पर की गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि वारदात से दो दिन पहले ही गांव में ही घुड़चड़ी के दौरान किसी बात को लेकर इनमें आपस में कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश को मन में रखते हुए वारदात को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## पोषण ट्रैकर एप पर काम में आंगनबाड़ी वर्कर्स को हो रही परेशानी, ज्ञापन सौंपा



**झज्जर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में हरियाणा बाल विकास आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कैशियर सुनीता ने की। यूनियन की प्रदेशाध्यक्षा छोटा गहलावत ने यूनियन की अन्य समस्याओं बारे अवगत कराते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर बिना फोटो स्कैन व ओटीपी के बगैर टीएचआर भरा जाना चाहिए। उनके विभाग में अधिकांश वर्कर दसवीं पास है जिस कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोबाइल चलाने में सक्षम न होने के कारण उन्हें सीएससी या अपने बच्चों की सहायता लेनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा दिए गए मोबाइल भी खराब हो चुके है। इसके अलावा आंगनवाड़ी वर्करों के रक्त पदों को भरने या उन पर हेल्परों को प्रमोशन करने, ग्रेजुएटी अधिनियम के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ दिया जाने, गांव में की जाने वाली सप्लाई किसी एक सेंटर की बजाय सभी सेंटरों तक पहुंचाने, इंसेटिव दिए जाने, आंगनबाड़ी वर्करों की पेमेंट उनके नाम से दिए जाने की मांग उठाई गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान सरस्वती, उषा, ज्योति, राजेश, मूर्ति, पुष्पा, अनिता, कविता, अंग्रेजों, हेमलता, विद्या, सुनीता मौजूद रहीं।

## नए सिरे से बनाई एडहोक कमेटी


**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव को लेकर जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार ने नए सिरे से एडहाक कमेटी का गठन किया है। इसमें जोगेंद्र दलाल, भारत भूषण, मंजीत सिंह, जयपाल सांगवान, आनंद प्रकाश, धीरज बंदलिश व संजीव अरोड़ा शामिल हैं। बता दें कि सेक्टर-6 आरडब्ल्यूए की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल जून-2024 में खत्म हो गया था। एसोसिएशन के चुनाव कराने के लिए 17 जुलाई 2024 को एडहाक कमेटी बनाई गई थी। लेकिन छह महीने के निर्धारित कार्यकाल में यह कमेटी चुनाव नहीं करवा पाई और 16 जनवरी 2025 को इसका कार्यकाल भी खत्म हो गया। एडहाक कमेटी के सदस्यों ने कार्यकाल विस्तार देने की मांग की थी। लेकिन जिला फर्म एवं सोसायटी की रजिस्ट्रार ने शुक्रवार को नए सिरे से एडहाक कमेटी का गठन किया है। एसोसिएशन के करीब 1400 सदस्य हैं। सात सदस्यों की नई कमेटी को तीन माह में चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। निवर्तमान कार्यकारिणी को पूरा रिकार्ड एडहाक कमेटी के सदस्यों को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर आठ लाख रुपये ठग लिए

**बहादुरगढ़।** एक युवक से शेयर मार्केट में प्रोफिट दिखाकर आठ लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात उत्तम कॉलोनी के निवासी विनोद कुमार के साथ हुई है। विनोद का कहना है कि वह दिल्ली में जॉब करता है। इसके अलावा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग भी करता है। कुछ महीने पहले मेरे पास एक लिंक अया। मैंने लिंक पर क्लिक किया तो मुझे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप ट्रेडिंग से संबंधित था। शातिरों ने उस ग्रुप में मुझे शिवम ट्रेडिंग नाम से एक खाता दिया। उनके कहे अनुसार, मैंने खाते में 50 हजार रुपये डाल दिए तो मुझे प्रोफिट दिखाया गया। मैं उस ग्रुप और शातिरों की बातों पर विश्वास कर बैठा। इसके बाद वे शातिर रुपये मंगाते रहे और मैं उन्हें भेजता रहा। कुल 11 बार करके लगभग आठ लाख रुपये उनकी तरफ चले गए तो मुझे 21 लाख का प्रोफिट दिखाया गया। उन रुपयों में से मैंने कुछ राशि निकालनी चाही लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मैंने मैसेज किए तो कोई रिप्लाई नहीं आया। इसके बाद ठगी का आभास हुआ और उनसे रुपये वापस मांगे।

### तबीयत बिगड़ने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** प्रवासी मूल के एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। मूलतः उत्तर प्रदेश से था। फिलहाल लाइनपार में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, वीरवार को उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और शव को कब्जे में लिया।







### 7 निर्माणाधीन भवन, 3 डीपीसी और कच्चे रास्ते उखाड़े

## बालौर में फिर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** बालौर के निकट अवैध निर्माण ढहाती डीटीपी की जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार की ओर से अवैध रूप से काटी गई कॉलोनियों और वहां हो रहे अवैध निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ते ने बालौर गांव के रकबे में काटी जा रही दो कॉलोनियों में 7 निर्माणाधीन भवन, 3 डीपीसी व कच्चे सड़क मार्ग उखाड़ दिए। बता दें कि इससे पहले सोमवार को भी जिला नगर योजनाकार की ओर से बालौर की इन दोनों अवैध कॉलोनियों में 6 निर्माणाधीन ढांचे तोड़े गए, 5 चारदीवारी हटाई और 8 डीपीसी ढहाई गई थी। तब डीटीपी ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहने की बात कही थी। तोड़फोड़ के बाद निर्माण दोबारा हुए तो जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया की टीम शुक्रवार को जेई सुमित की देखरेख में फिर से वहां पहुंची और अवैध ढांचों को मिट्टी में मिला दिया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और जेसीबी तैनात रही। डीटीपी मनीष दहिया ने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह की अवैध कॉलोनियों में प्लाट की खरीद-फरोख्त से बचें। प्रापर्टी डीलरों के बहकावे में ना आएं और ना ही कोई अवैध निर्माण करें। उन्होंने दोहराया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल, दर्जनों एकड़ में विकसित हो रही इस अवैध कॉलोनी का मामला विधायक राजेश जून ने विधानसभा में उठाया था। कई बार सीएम दरबार में भी इस अवैध कॉलोनी की गूंज उठ चुकी है। अब विभाग इस पर अंकुश लगाने के लिए एक्टिव नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



प्रदीप दहिया, जिलाधीश झज्जर।

### सीबीएसई परीक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाने के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू की है। शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार जैसे विस्फोटक, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू तथा अन्य हथियार आदि लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें सुबह दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बंद रहेंगी।

### सलोनी शर्मा ने संभाला एडीसी का पदभार



**झज्जर।** शुक्रवार को नवनियुक्त एडीसी सलोनी शर्मा ने एडीसी और डीएमसी का पदभार संभाल लिया। सलोनी शर्मा वर्ष 2019 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व भी झज्जर में बतौर एडीसी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। एडीसी के पद के अलावा उनके पास डीएमसी के पद का कार्यभार भी रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमानुसार अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों को अपने सरकारी कार्यालयों में रोजमर्रा के कार्य करवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग ने करवाया कार्यक्रम

# छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ दिलवाई

स्वास्थ्य विभाग से आशा वर्कर सुमन व मंजू ने विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम व बाल श्रम अधिनियम बारे में विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था की तरफ से जिला समन्वयक मनोज कुमार, स्वास्थ्य विभाग से आशा वर्कर सुमन व मंजू ने विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम व बाल श्रम अधिनियम बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। आशा वर्कर सुमन ने छात्राओं को मासिक धर्म बारे जानकारी देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत 8 साल से 17 साल की आयु में होती है तथा 45 साल से 55 साल की आयु में माहवारी प्रक्रिया बन्द हो जाती है। माहवारी 3 दिन से 7 दिन की हो सकती है।

यह एक नियमित प्रक्रिया है इसका नियमित रूप से आना इस बात का संकेत है कि हमारा स्वास्थ्य सही है। शिक्षा विभाग से अध्यापिका उर्मिला ने छात्राओं को पौष्टिक आहार का सेवन करने व माहवारी के दौरान सूती कपड़े या सैनेटरी पैड का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इस मौके पर अध्यापिका संयोगिता, भारती, परमवीर अहलावत, पूजा, काजल सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत संबंधी शपथ दिलाते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। छात्राओं में किया एल्बेंडाजोल व सैनेटरी नैपकिन का वितरण करते हुए प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### महाराजा अग्रसेन महिला कॉलेज एल्बेंडाजोल टेबलेट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ कुमारी जैस्मिन एवं कुमारी हिमांशी ने एल्बेंडाजोल टेबलेट एवं सैनेटरी नैपकिन के विषय में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं में एल्बेंडाजोल टेबलेट एवं सैनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। कुमारी जैस्मिन एवं कुमारी हिमांशी ने एल्बेंडाजोल टेबलेट एवं सैनेटरी नैपकिन के विषय में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। संस्थान प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अनुपमा यादव ने छात्राओं को मेंस्ट्रूअल हेल्थ एंड हाइजीन एवं एल्बेंडाजोल टेबलेट के महत्व से अवगत कराया।



बहादुरगढ़। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बधाई देते जसबीर सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश अध्यक्ष बड़ोली से मिलकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ दिल्ली की जनता ने मोदी जी की नीतियों पर मुहर लगाई:मोहन लाल बड़ोली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने मोदी जी की नीतियों पर मुहर लगाई है। दिल्ली की जीत में हरियाणा के सीएम नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली समेत अन्य भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर रोहित प्रधान, नीरज सैनी, सुभाष शर्मा, जसवंत, मुकेश, प्रेम, हरीश, नरेंद्र, जीवन, राजू व अमित आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षित कर्मचारी गांव-गांव में जाकर बच्चों को पुलिस पैरामिलिट्री व आर्मी भर्ती की देंगे ट्रेनिंग : सतीश बालन

■ अफसरों को नशे व अपराध के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन द्वारा लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की वर्तमान स्थिति के बारे में विचार विमर्श किया गया। वहीं सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले गांव का दौरा करने और नशे व अपराध के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस के कर्मचारी देंगे युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण:** जिला पुलिस आयुक्त ने कहा कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए पुलिस के प्रशिक्षित कर्मचारी गांव गांव में जाकर बच्चों को पुलिस, पैरामिलिट्री व आर्मी भर्ती ट्रेनिंग देंगे। इसके साथ ही पुलिस और युवाओं में तालमेल के लिए ग्रामीण स्तर पर पुलिस और युवाओं के साथ खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर रखेंगे नजर: जिला पुलिस आयुक्त ने सभी एसीपी व थाना प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम प्रहरी अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखें। एसीपी और थाना प्रबंधक अपने क्षेत्र में आने वाले गांव में लगे ग्राम प्रहरियों को उनकी ड्यूटी बारे में समय-समय पर निर्देश देते रहेंगे क्योंकि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग में सूचनाओं का एक महत्वपूर्ण अंग है।

**घटनास्थल का मुआयना थाना प्रबंधक द्वारा किया जाए:** जिला पुलिस आयुक्त ने कहा कि जहां पर भी कोई आपराधिक वारदात होती है इसकी सूचना पर तुरंत पुलिस अधिकारी पहुंचे और मौके का मुआयना करें, फॉरेंसिक टीम को तुरंत मौके पर बुलाए और बारीकी से मौका घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मौका घटनास्थल की वीडियोग्राफी करें। जिले में चिन्हित स्थानो पर कैमरे लगवाए जाएं।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन।

### गलियों-बाजारों में बुलेट बाइक के पटाखे बने परेशानी का सबब

**बहादुरगढ़।** पुलिस की ओर से बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों के खिलाफ बेशक कार्रवाई की जा रही हो लेकिन यह समस्या पूरी तरह से समाप्त नहीं हो रही। मेन बाजार, किला मोहल्ला, मांडोठी बाजार सहित शहर की कई गली-मोहल्लों में ये नजारा देखने को मिल जाता है। तंग गलियों में युवक तीव्र गति से बाइक चलाते हैं और पटाखे बजाते हैं। इस दिशा में और सख्ती बरते जाने की जरूरत है।

बहुत से युवक बुलेट बाइक का साइलेंसर बदलवा लेते हैं। फिर हुड़दंगबाजी करते हुए उनसे पटाखे बजाते हैं। बुजुर्गों और बच्चों के लिए भय का माहौल बन जाता है। संजय, राजू आदि का कहना है कि किला मोहल्ला, गांधी चौक, मेन बाजार से दिनभर में कई युवक बुलेट पटाखा बाइक लेकर गुरजते हैं। ये बार-बार चक्कर लगाते हैं और पटाखे बजाते हैं। पटाखे से निकलने वाली तीव्र ध्वनि से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

### उपायुक्त ने पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना व म्हारा गांव-जगमग गांव योजना की समीक्षा की



**झज्जर।** निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने व सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा म्हारा गांव-जगमग गांव व पीएम सूर्या घर जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कर रखी हैं। डीसी प्रदीप दहिया ने शुक्रवार को बिजली निगम के अधिकारियों के साथ दोनों योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के साथ विशेष कैंप आयोजित किए जाएं ताकि लोग योजनाओं के वास्तविक लाभ से वाकिफ होते हुए इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित हों।

### राजकीय महिला कॉलेज में स्पेशल एजुकेशन को लेकर दिया व्याख्यान, स्पेशल डीएड की दी जानकारी



**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के राजकीय महिला कॉलेज में प्लेसमेंट सेल द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्री ओमवीर सिंह इंस्टीटूशन ऑफ रिहेब्लिटेशन के डायरेक्टर नवीन देसवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि छात्राएं स्पेशल डीएड और बीएड कोर्स में दाखिला ले सकती हैं। प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ प्रियंका अग्रवाल व कॉलेज प्रभारी संदीप किराड ने उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ सुनैना, डॉ पूनम, डॉ सुनील कुमार, डॉ सतेंद्र, अजय कुमार और डॉ सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

## जूनियर रेडक्रॉस कैंप में विद्यार्थियों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी-खुम्मार में आयोजित जूनियर रेडक्रॉस कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में आईआरसीएस हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जूनियर रेडक्रॉस कैंप में 22 स्कूलों के अध्यापक एवं विद्यार्थियों ने भागीदारी की। समापन समारोह के अवसर पर आईपी कॉलेज की निदेशक डॉक्टर बाला धनखड़ ने राष्ट्रीय एकता के बारे में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को जानकारी प्रदान की। डॉक्टर प्रिंस गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव एवं परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का दबाव महसूस न करने के बारे में जानकारी दी। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। दीपांशु को बेस्ट जूनियर मेल और प्रियांशी को बेस्ट जूनियर फीमेल का पुरस्कार मिला।




झज्जर। कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

### ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन ने प्रदर्शन का निमंत्रण दिया



बहादुरगढ़। ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मांडोठी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा 25 फरवरी को चंडीगढ़/पंचकूला में होने वाले धरने-प्रदर्शन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अभियान में गांव के अनेक लोगों ने चंडीगढ़ चलने का आश्वासन दिया। संगठन के प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि नई कृषि मार्केटिंग के मसौदे को वापस लेने, एमएसपी गारंटी कानून बनाकर लागत खर्च से डेढ़ गुना (सी टू+50प्रतिशत) के रेट पर सभी फसलों की खरीद सरकार द्वारा करने, प्राइवेट कंपनियों को कृषि बाजार से बाहर करने, बिजली संशोधन बिल 2023 और प्रीपेड बिजली मीटर की स्कीम वापस लेने, खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल तथा कृषि उपकरण सस्ते करने, आपदाओं से बर्बाद हुई फसलों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने, बुढ़ापा पेंशन 10 हजार रुपए महीना लागू करने, किसानों तथा ग्रामीण गरीबों को कर्ज मुक्त करने, उन्हें साल भर काम देने तथा अन्य मांगों को लेकर यह प्रदर्शन होगा। जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने कहा कि सरकार की नीतियां पूंजीपतियों के हित में हैं और किसान-मजदूर विरोधी हैं। आंदोलन के रास्ते ही जन विरोधी नीतियों को पलटवाया जा सकता है। किसान नेता रघुवीर सिंह ने कहा कि खेतों से सोलर सिस्टम की बिजली की मोटरें तथा गांवों से भैंसें चोरी हो रही हैं। लेकिन शासन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा।



झज्जर। दुष्यंत को सम्मानित करते चांसलर डॉक्टर महिपाल।

### पावर लिफ्टिंग में संस्कारम् स्कूल के छात्र दुष्यंत ने जीता गोल्ड

**झज्जर।** संस्कारम् विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र दुष्यंत ने नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल व वाइस चांसलर डॉक्टर पीके शर्मा ने दुष्यंत को सम्मानित करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया। चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि यह जीत न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय के खेल विकास कार्यक्रम की सफलता को भी दर्शाती है। उन्होंने आशा जताई कि दुष्यंत आने वाले समय में और भी बड़े स्तर पर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करेगा।

**भारत मंडपम** | करीब 6 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के पहुंचने की उम्मीद

## भारत टेक्स-2025 में शिल्पकला का लाइव प्रदर्शन कर रहे चंद्रकांत बोंदवाल

नई दिल्ली में हो रहे इस आयोजन में देशभर के करीब 75 कारीगर अपने हाथ का दिखा रहे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अपने हुनर से हस्तकला को देश दुनिया में ख्याति दिलाने वाले बहादुरगढ़ के बोंदवाल परिवार के होनहार नेशनल अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाल भारत टेक्स-2025 के अंतर्गत भारत मंडपम में लाइव शिल्प प्रदर्शन कर रहे हैं। नई दिल्ली में हो रहे इस आयोजन में देशभर के करीब 75 कारीगर अपने हाथ का हुनर दिखा रहे हैं।

यह आयोजन कारीगरों और खरीदारों के बीच सीधे जुड़ाव को भी सक्षम बनाएगा, जिससे इन कुशल शिल्पकारों के लिए बाजार संपर्क और आर्थिक सशक्तिकरण की सुविधा मिलेगी। बता दें कि बहादुरगढ़ के बोंदवाल परिवार को वुड कार्विंग खासकर अंडरकट कार्विंग में महारत हासिल है। जिसकी बदौलत इस परिवार के 5 सदस्य अब तक नेशनल अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। कारीगरों और बुनकरों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए भारत मंडपम (नई दिल्ली) में 14 से 17 फरवरी तक भारत टेक्स-2025 आयोजित किया जा रहा है। इसमें 6 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आकर्षित होने की उम्मीद है। वैश्विक भागीदारी को आकर्षित करने के लिए पूरे भारत मंडपम में व्यापक प्रचार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल ने बताया कि यहां भारत की बेहतरीन शिल्प कौशल को समकालीन और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। नेशनल अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाल ने केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरीराज सिंह का यहां पहुंचने पर शिल्पकारों की तरफ से स्वागत-सम्मान किया। चंद्रकांत द्वारा आगंतुकों को पारंपरिक शिल्प तकनीक का लाइव प्रदर्शन अनुभव करवाया जा रहा है। बहादुरगढ़ की नई बस्ती में रहने वाले चंद्रकात बोंदवाल को चंदन की लकड़ी का अंडर कार्विंग पेंडेंट बनाने के लिए 2004 में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय सम्मान मिल चुका है। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से यह सम्मान प्राप्त करने के बाद भी चंद्रकांत उसी तल्लीनता से कला को समर्पित हैं। इतना ही नहीं चंद्रकात बोंदवाल को घास से लेकर सोने तक के आभूषण बनाने के लिए यूनेस्को द्वारा एशिया में प्रथम रहने पर पुरस्कार दिया गया था। तीन पीढ़ी से बोंदवाल परिवार के होनहार वुडन ज्वैलरी, वुडन कार्विंग से देवी देवताओं, पशु-पक्षियों की सजीव मूर्तियां बना रहे हैं।



बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह का स्वागत करते चंद्रकांत बोंदवाल। फोटो : हरिभूमि

### तीन पीढ़ियों में छह सम्मान

घर के सबसे बुजुर्ग स्व. जयनारायण बोंदवाल को वर्ष 1999 में चंदन की लकड़ी पर अंबारिया हाथी बनाने, चंद्रकांत के पिता महावीर प्रसाद को वर्ष 1979 में हांथीदांत के आकार वाली लकड़ी पर 16 हाथी बनाने, चाचा राजेंद्र प्रसाद को वर्ष 1984 में हाथी दांत की ही नक्काशी के लिए नेशनल अवार्ड मिल चुके हैं। सूर्यकांत बोंदवाल को नेशनल मेरिट सर्टिफिकेट मिल चुका है। जबकि राजेंद्र प्रसाद बोंदवाल को शिल्पगुरु सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

## विशेष बैठक में विकास परिषद की तीनों शाखाओं का किया मार्गदर्शन

■ बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी ने की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में भारत विकास परिषद की जिला झज्जर की तीनों शाखाओं के पदाधिकारियों की विशेष बैठक हुई। बैठक में भाविप के क्षेत्रीय महासचिव राकेश शर्मा ने तीनों शाखाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों का मार्गदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी ने की।

बैठक में तीनों शाखाओं की गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक सतीश शर्मा, सह समन्वयक प्रवीण शर्मा, बहादुरगढ़ शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, विवेकानंद शाखा अध्यक्ष सुनील बंसल और बेरी शाखा अध्यक्ष राजीव मित्तल ने क्षेत्रीय महासचिव को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

राकेश शर्मा ने कहा कि शाखाएं समाज में अधिकतम संस्कारों का सृजन करने वाले कार्य करें। उन्होंने परिषद की सदस्यता, सेवा और संस्कार के कार्यों में वृद्धि करने और स्थाई प्रकल्प के बारे में विस्तार से चर्चा की।

बैठक में बहादुरगढ़ शाखा से सचिव मुकेश बंसल, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, डां कुलदीप जून, श्याम घरोटे, विजय पुन्हानी, दीपेश राठी और दीपक पंवार, विवेकानंद शाखा से सचिव नीरज गर्ग, कोषाध्यक्ष चंचल गर्ग, गजेंद्र यादव, राहुल सिंगल, अशोक गोयल, अतिन गुप्ता, बेरी शाखा से पवन रोहिल्ला और प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप


झज्जर। हितेश गुलिया के साथ गोल्ड मेडल दिखाते हुए कोच हितेश देशवाल।

### गोल्ड मेडल विजेता हितेश गुलिया का हुआ स्वागत

**झज्जर।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले मुक्केबाज हितेश गुलिया का शुक्रवार को स्टेडियम पहुंचने पर स्वागत किया गया। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाले मुक्केबाज हितेश गुलिया ने 71 किलो बार वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले भी हितेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले का नाम रोशन कर चुका है। उन्होंने बताया कि यह जिले का पहला खिलाड़ी है जिसने नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### केवल सुबह-शाम ठंड का एहसास

**बहादुरगढ़।** इलाके में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। केवल सुबह, शाम और रात के वक्त ठंड का अहसास है। दिन के वक्त तेज धूप निकलने के कारण तापमान बढ़ गया है। शुक्रवार को दोपहर के वक्त 26 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। बीते कुछ दिनों से तापमान इसी तरह से चल रहा है। न्यूनतम तापमान भी धीरे धीरे उपर उठ रहा है। हालांकि दो, तीन दिन से सुबह और शाम के वक्त ठंडी हवा चल रही है। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों के पहनावे में बदलाव आने लगा है। पार्कों, स्टेडियम में रौनक फिर से बढ़ गई है। लोगों के खानपान में बदलाव आ रहा है।

### पुलिस टीम पर हमला करने का आरोपी काबू

**झज्जर।** डीघल टोल पर तैनात पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी दुजाना अंकित कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान रोबिन निवासी रामगोपाल कालोनी जिला रोहतक के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गरीब महिलाओं का करवाया पंजीकरण

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-24 में यशपाल हिंदुस्तानी की तरफ से हर घर गृहिणी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गरीब पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया, ताकि गरीब पात्र महिलाओं को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर मिल सके। इस योजना के अंतर्गत 50 लाख बीपीएल, अंत्योदय अथवा गरीब परिवारों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलबध कराने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। पात्र गरीब महलाएं ऑनलाइन आवेदन करके इस योजना का लाभ ले सकती हैं। इस अवसर पर मंजू, बबिता, रूबी देवी, ज्योति देवी, उर्मिला देवी, हेमलता आदि मौजूद रही।

## छात्राओं ने विद्यार्थियों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

# शहीद सैनिकों को किया सलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं ने पुलवामा शहीद दिवस पर जांबाज वीर सैनिकों के हौंसलों को सलाम किया। सांखोल व बामड़ोली के राजकीय स्कूलों में इंटर्नशिप कर रही छात्राओं ने विद्यार्थियों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी 2019 की तारीख देश कभी नहीं भूल सकता। पुलवामा आतंकी हमले को भले ही 6 साल बीत गए हों। लेकिन इसकी कसक और दर्द आज भी लोगों के जहन में ताजा है। जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहे सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले में 40 जवान बलिदान हो गए थे। इंटर्नशिप कर रही द्वितीय वर्ष की भावी अध्यापिकाओं ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव बामड़ोली व सांखोल के राजकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर शहीद वीर सैनिकों की शहादत को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी।


बहादुरगढ़। शहीद सैनिकों को सलाम करती स्कूली छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



### शहीद जवानों के चित्र पर पुष्पार्पित किए

**झज्जर।** शुक्रवार को मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत में पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मदर इंडिया समिति के निदेशक रामफूल शास्त्री, प्राचार्या संतोष कुमारी, उप प्राचार्य कपिल शर्मा ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर शहीद जवानों के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन धारण किया। प्राचार्या संतोष कुमारी ने बताया कि 14 फरवरी 2019 के दिन जैश-ए-मोहम्मद संगठन के आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की गाड़ी पर बम से अटैक किया। जिसमें हमारे सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे।


बहादुरगढ़। पुलवामा हमले के शहीद सैनिकों को नमन करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### पुलवामा हमले के शहीदों को नमन किया

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने पुलवामा हमले के शहीदों को नमन किया। दिल्ली रोहतक रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए चेयरपर्सन ने पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सरोज राठी ने कहा कि वीर सैनिकों के कारण सभी नागरिक देश के अंदर सुरक्षित हैं। देश की रक्षा व सुरक्षा के लिए जांबाज सैनिक हमेशा तत्पर रहते हैं और अपने प्राणों तक का बलिदान देश की आन बान शान के लिए कुर्बान कर देते हैं। सरोज राठी ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों का राष्ट्र सदा ऋणी रहेगा। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, हरिमोहन धाकरे, अश्वनी शर्मा, मनमोहित गुप्ता, सुमित बराही, संदीप सैनी, रोहित नेगी, अश्वनी मलिक व राहुल आदि ने भी शहीद सैनिकों को नमन किया।


झज्जर। पुलवामा हमले के अमर शहीदों को नमन करने हुए विद्यार्थी।

### अमर शहीदों को किया याद

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा पुलवामा हमले में हुए शहीदों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास, प्रधानाचार्य नसीब अहलावत ने शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों के साथ पुष्पार्पित करते हुए नमन किया। निदेशक हरबीर डबास ने आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए विद्यार्थियों को इस दिन को ब्लैक-डे के रूप में मनाने की शपथ दिलाई।

### पुलवामा में शहीद जवानों की शहादत को किया नमन

**झज्जर।** शुक्रवार को संस्कारम स्कूल खातीवास में ब्लैक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के वीर सपूतों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अमर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन भी धारण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने वीर जवान अमर रहे के नारे लगाते हुए शहीद जवानों की शहादत को नमन किया।


झज्जर। पुलवामा हमले के वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। शिक्षकों के साथ कॉमर्स ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### कामर्स ओलंपियाड में तीन विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के विद्यार्थियों ने आईसीएसआई द्वारा आयोजित सिल्वर जोन कॉमर्स ओलंपियाड में ऑल इंडिया स्तर पर पहला रैंक प्राप्त करके जिले व संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय के एनटीएसई प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि ओलंपियाड में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में दीपक, अंकुश जाखड़ और दीक्षा चाहर शामिल है। आईसीएसआई द्वारा इन विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से भी सम्मानित किया जाएगा। तीनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉमर्स संकाय की प्राध्यापिका रचना लांबा और प्रियंका जाखड़ को दिया है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमन्त गुलिया और प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अमित व वंदना को मिला बेस्ट वॉलिंटियर का खिताब

■ स्वयंसेवकों को मुख्यातिथि द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को राजकीय कॉलेज महाविद्यालय दूबलधन में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया।

समापन अवसर पर एमडीयू रोहतक के सेवानिवृत्त एचओडी डॉक्टर बलदेव मेहरा व डीआर शशिकला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। एनएसएस यूनिट-2 की प्रभारी डॉक्टर सरला ने मुख्यातिथियों के समक्ष शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी। शिविर में लड़कों में अमित कुमार व लड़कियों में कुमारी वंदना को बेस्ट एनएसएस वॉलिंटियर चुना गया। चयनित स्वयंसेवकों को मुख्यातिथि द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुछ स्वयंसेवकों को भी सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर डॉक्टर सुमन, डॉक्टर मयंक, डॉक्टर आशीष, डॉक्टर सोमवीर सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए महाविद्यालय स्टाफ सदस्य।

## न्यूज डायरी

### खेतों में चोरी की वारदातों से किसान परेशान

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में चोरी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषकर खेतों में किसानों के मीटर, मोटर, सोलर प्लेट आदि संसाधन चोरों के निशाने पर हैं। हालात ये हैं कि एक ही गांव में कई बार वारदात हो चुकी हैं। इस वजह से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन किसी न किसी गांव का किसान थाने में शिकायत लेकर पहुंच रहा है। इलाके में बुपनिया, मांडोठी, मातन, आसंडा, कानोंढा, बामड़ोली, लडरावण, जसोरखेड़ी, आसौदा, बुपनिया, सोलधा, दुल्हेड़ा, छारा सहित बादली, बहादुरगढ़ के कई गांवों के खेतों में वारदात हो चुकी हैं। किसान नेता प्रवीण व जयकरण का कहना है कि आज के दौर में खेती वैसे ही घाटे का सौदा बन गई है। आमतौर पर लागत भी पूरी नहीं हो पाती वहीं, आगजनी, बरसात आदि से भी बेहद नुकसान हो जाता है। रही सही कसर चोरी की वारदात पूरा कर रही हैं। आए दिन खेतों में सोलर प्लेट, बिजली की तार, मीटर, मोटर आदि चोरी होने के मामले सामने आ रहे हैं। इन वारदातों से किसानों को आर्थिक हानि होती है। वहीं उनका कामकाज भी बाधित हो जाता है। इसके अलावा खेतों में लगे बिजली निगम के ट्रांसफार्मरों से भी पार्ट चोरी कर लिए जाते हैं। देहात क्षेत्र में रात्रि सुरक्षा के बंदोबस्त पुख्ता करने की जरूरत है ताकि किसान चैन से अपना काम कर सकें।

### निक्षय स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**बहादुरगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बहादुरगढ़ में निक्षय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से सह निदेशक डॉ मोनिल ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीटीओ डॉ. सुनीता तंवर, डॉ कुणाल कादियान, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ कृतिका बंसल व मीनाक्षी पीपीएम आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कैंप में चल रही स्वास्थ्य जांच के साथ टीवी इंडिकेटर का डाटा भी देखा। अब तक लगे निक्षय शिविरों के दौरान हुई गतिविधियां का रिकॉर्ड भी चैक किया गया। डॉ. मोनिल ने कहा कि आमजन की सहायता से टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। शिविर में टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट वितरित की गई।


बहादुरगढ़। कैंप के दौरान निरीक्षण करते स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### धर्मेंद्र प्रधान से मिले दिनेश कौशिक


बहादुरगढ़। धर्मेंद्र प्रधान व ओमप्रकाश धनखड़ के साथ भाजपा नेता।

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के निवास पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए दिल्ली में भाजपा की जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, संजय कबलाना व जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना आदि मौजूद रहे।

### रवि शर्मा ने जीते दो पुरस्कार



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार द्वितीय वर्ष कक्षा के विद्यार्थी रवि शर्मा ने राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में आयोजित 'रस मंजरी' प्रतियोगिता में दो पुरस्कार जीते है। रवि ने संस्कृतश्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में दूसरा तथा हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य दलबीर सिंह ने बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमित भारद्वाज, साहित्यिक गतिविधि प्रभारी डॉक्टर कुलदीप और शिव शंकर उपस्थित रहे। उधर, महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान छात्राओं के लिए एक दिन के दिल्ली भ्रमण का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि छात्राओं ने भ्रमण के दौरान अनेक ऐतिहासिक स्मारकों का अवलोकन किया, जिनमें नेशनल म्यूजियम, इंडिया गेट, अमृत उद्यान एवं अक्षरधाम मंदिर आदि प्रमुख रहे।

# समस्याओं से जूझ रहे सेक्टर-13 के लोग

■ सड़कों की हालत खराब
सीवरेज व्यवस्था भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-13 में समस्याओं का अंबार है। यहां सड़कों की दशा खराब है तो सीवरेज व्यवस्था भी बदहाल है। लोग लगातार समस्याओं के समाधान की मांग उठा रहे हैं लेकिन हालात जस के तस हैं। इस वजह से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को लोगों ने इकट्ठे होकर नाराजगी जताई। संजीव छिकारा, राजबीर, संजय, विपिन, रमेश आदि लोगों ने कहा कि कहने तो यह सेक्टर पॉश इलाका है। यहां सड़कें, सीवर और पेयजल पाइप लाइन आदि सब कुछ है लेकिन मौजूदा हालातों पर अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। यहां की सड़कें बदहाल हैं। जगह-जगह से स्तह उखड़ी हुई है और गड्ढों की भरमार है। इस वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। आरडब्ल्यूए द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिलकर यहां की सड़कों के लिए टेंडर लगवाया था। टेंडर हुए करीब 9 महीने बीत गए हैं लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। सड़क ही नहीं, यहां तो सीवरेज सिस्टम भी बेहद खराब है। सीवर के मेन होल हर दूसरे दिन भर जाते हैं और उनका गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। मजबूरी में लोगों को सेप्टिक टैंक खाली करने वाले टैंकर बुलाने पड़ते हैं। यही हाल पीने के पानी का है। पीने के पानी की लाइन जगह जगह टूटी हुई है। इस वजह से पानी की बर्बादी होती है। एसोसिएशन ने बार-बार लिखित में अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।


बहादुरगढ़। सेक्टर 13 में उखड़ी पड़ी सड़क की स्तह। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। अधिकारियों को दी गई शिकायत की प्रति दिखाते स्थानीय निवासी।

# टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन में उर्वशी ने जीता गोल्ड


झज्जर। शिक्षकों के साथ मौजूद होनहार छात्रा उर्वशी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा उर्वशी ने हरियाणा टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि छठी कक्षा की छात्रा उर्वशी ने 80 में से 80 अंक लेकर गोल्ड मेडल जीता। स्कूल पहुंचने पर संस्थान संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया ने उर्वशी को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** दुल्हेड़ा के राजीव गांधी स्टेडियम में अंडर-17 पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# दानोदा की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव दुल्हेड़ा के राजीव गांधी स्टेडियम में चार दिवसीय अंडर-17 पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लगातार हुए इस चौथे टूर्नामेंट में प्रदेश की 18 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच दानोदा (महेंद्रगढ़) और कृष्णनाथ क्लब बलम्बा (रोहतक) की टीमों के बीच हुआ। दानोदा की टीम ने 2-0 से यह मैच और प्रतियोगिता जीत ली। बाबा आशानंद क्लब की ओर से दुल्हेड़ा में चार दिनों तक चली इस फुटबॉल प्रतियोगिता में डेढ़ दर्जन टीमों के खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। टूर्नामेंट के दौरान युवा कांग्रेस नेता दीपक देशवाल और परमजीत दलाल ने भी अतिथि के तौर पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव दीपक देशवाल दुल्हेड़ा ने फाइनल मैच में खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाया। रोमांचक फाइनल मैच में दानोदा की टीम ने बलम्बा की टीम को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट जीत लिया। विजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। दूसरे नंबर पर रही बलम्बा की टीम को 15 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। दुल्हेड़ा की फुटबॉल की टीम सेमीफइनल में हारने के वजह से तीसरे नंबर पर रही। हार्दिक देशवाल बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुने गए। कांग्रेस नेता दीपक देशवाल व परमजीत दलाल ने आयाजकों को बधाई दी। इस मौके पर तेजवीर, मोनू सरपंच, प्रिंस, रवि, अभि, विनीत, अश्वनी, लक्ष्य, मोहित, अभिषेक, विशाल, जयवीर कोच, हवा सिंह व हार्दिक आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों का परिचय लेते परमजीत दलाल व अन्य, विजेता टीम को पुरस्कृत करते दीपक देशवाल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### समूह नृत्य में छात्रा महक सिम्मी व हिमानी रही प्रथम


झज्जर। कार्यक्रम के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** वसंत ऋतु के आगमन के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में चल रहे दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने की। सांस्कृतिक कमेटी संयोजिका दीक्षा ने बताया कि शुक्रवार को दूसरे दिन कार्यक्रम में सबसे पहले पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए देश के जवानों को याद करते हुए पौधारोपण किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक गतिविधियों के कार्यक्रम को गति दी गई। इस दौरान हिंदी गीत पर किए गए एकल नृत्य में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने द्वितीय तथा बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवीं गीत पर आयोजित एकल नृत्य में बीए द्वितीय वर्ष से तमन्ना प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष से मीनाक्षी द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष से मीनाक्षी तृतीय रही। समूह नृत्य में बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं महक, सिम्मी और हिमानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने कॉलेज जीवन पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटौरी। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान करके सम्मानित किया।


MONTHLY SHOPPING PAR
MAHA BACHAT
UPTO 80% OFF
SHOP NOW
15 FEB. TO 21 FEB. 2025
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF OFF
*T&C APPLY
ROHTAK
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
JHAJJAR
BAHADURGARH
WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!
FORTUNE SUN LITE OIL 1Ltr. MRP ₹180 OUR PRICE ₹158
AMUL BUTTER 500 GM MRP ₹295 OUR PRICE ₹277
DIAMOND CHIPS 50 G FREE! BUY 1 GET 1
BREGANO VERMICELLI MACARONI 420G FREE! BUY 1 GET 1
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1Ltr. MRP ₹173 OUR PRICE ₹149
MOTHER DAIRY GHEE 1Ltr. MRP ₹675 OUR PRICE ₹555
BROOKE BOND TAJ MAHAL TEA MRP ₹710 OUR PRICE ₹549
TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹560 OUR PRICE ₹340
VLCC NATURAL SCIENCES FREE! BUY 1 GET 1
MAGGI TOMATO KETCHUP 970G WITHOUT OFFER MRP ₹165 @ ₹99
SAFFOLA GOLD OIL 1L POUCH MRP ₹185 OUR PRICE ₹179
NESCAFE CLASSIC COFFEE FREE RED MUG 190GM OUR PRICE ₹735
CADBURY NUTTIES CHOCOLATE BUY 1 GET 1
DABUR VEDIC TEA 250G FREE! BUY 1 GET 1
DAVIDOFF RICH AROMA COFFEE 100G MRP ₹749 OUR PRICE ₹599
MY FITNESS WHEY PROTEIN 907G FREE! MRP ₹3899 50% OFF ON MRP
FRESCA DRINK FREE! BUY 1 GET 3
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
MYFITNESS PEANUT BUTTER 40% OFF ON MRP
PRABHAS PURE DESI GHEE 1LTR FREE! BUY 1 GET 1
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA 1KG OUR PRICE ₹115
RAJMA CHITRA 1KG OUR PRICE ₹130
MALKA MASOOR 1KG OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG OUR PRICE ₹95
HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM MRP ₹230 OUR PRICE ₹155
DABUR CHYAWANPRASH AWALEHA GUR (JAGGERY) 540GM MRP ₹240 OUR PRICE ₹150
Jivo pomace olive oil 5 ltr MRP ₹4999 OUR PRICE ₹2499
BUY 1 GET 1 FREE! DABUR GLUCOPLUS-C ORANGE 1KG
PEDIASURE CHOCLATE FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 OUR PRICE ₹1428
MARVEL TEA 1 KG @ ₹349
RAJDHANI BESAN 1KG MRP ₹155 OUR PRICE ₹102
DABUR CHYWANPRASH 950 GM MRP ₹410 OUR PRICE ₹330
BUY 1 GET 1 FREE! SANSU CHYAWANPRASH KESAR YUKT
VITA GHEE 1Ltr. MRP ₹690 OUR PRICE ₹609
INDIA GATE BASMATI RICE SUPER 5KG MRP ₹1140 OUR PRICE ₹899
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 OUR PRICE ₹949
WHISPER SUPER ABSORBENT PERIOD PANTY 15% OFF ON MRP
FIAMA MEN SHOWER GEL 500ML 66% OFF ON MRP
JIVO MUSTERD OIL 1 L MRP ₹255 OUR PRICE ₹165
k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1 LTR @ ₹315
PEDIGREE DOG FOOD 12.5% OFF ON MRP
MILTON upto 50% OFF ON MRP
CLASSMATE NOTEBOOKS 20% OFF ON MRP
UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar 30% · JOCKEY 20% · BODYCARE 20% · VAN HEUSEN 20% · MACROMAN 30% · U.S. POLO ASSN. 20% · 30% · LUX COZI 30% · MACHO 30%
PAMPERS ALL ROUND PROTECTION M -SIZE 76N FREE! BUY 1 GET 1
BUY 1 GET 2 FREE! SAFE WASH
KRESSA WIPES 50 PULLS FREE! BUY 1 GET 1
ODONIL ROOM SPRAY LAVENDER FREE! @ ₹65
BUY2 GET 1 FREE! BELLA VITA PARFUME
TIDE 12KG MRP ₹1479 OUR PRICE ₹924
PANTENE - LOREAL - DOVE - TRESEMME - HEAD & SHOLDER - CLINIC PLUS - SUNSILK SHAMPOO ABOVE 650ML FREE! BUY 1 GET 1
VASELINE BODY LOTION 400ML FREE! BUY 1 GET 1
FRESH START COCONUT & LIME SHOWER GEL 400ML FREE! BUY 1 GET 1
BUY 1 GET 3 FREE! BOMBAY SHAVING DEO
BUY 1 GET 2 FREE! USTRA DEO
PRIL LIQUID LIME 2LTR PRICE ₹299 MRP ₹499
LUX ADVANCED RADIANT GLOW ROSE 150*3 PRICE ₹129 MRP ₹179
ITC NIMEASY DISHWASH GEL 1L FREE! BUY 1 GET 1
BUY 1 GET 1 FREE! BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid
UPTO 50% OFF TOYS
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Gohana Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.